खाते में पैसा रखें तैयार! एग्री सेक्टर की दिग्गज कंपनी का आ सकता है IPO, जानिए प्लान

SLMC IPO: एसएलसीएम (SLMC) बैंकरों के साथ बातचीत कर रही है और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से आईपीओ योजना के लिए मंजूरी मांगेगी.

SLMC IPO: सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (Sohan Lal Commodity Management Pvt Ltd) बिजनेस एक्सपेंशन के लिए करीब 700 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 2024 के मध्य में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लाने की योजना बना रही है. सूत्रों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि एसएलसीएम (SLMC) बैंकरों के साथ बातचीत कर रही है और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से आईपीओ योजना के लिए मंजूरी मांगेगी.

यह एग्री सेक्टर का एक विशिष्ट आईपीओ है. कंपनी अपने नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (NBFC) और वेयरहाउसिंग बिजनेस के विस्तार के लिए फंड जुटाने पर विचार कर रही है. उन्होंने कहा कि फंड प्राइमरी और सेकेंड्री दोनों मार्केट्स से जुटाई जाएगी. एसएलसीएम के किसी प्रतिनिधि ने अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है.

2017 में स्थापित एसएलसीएम की किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास वर्तमान में 350 करोड़ रुपये की AMU है और अगले 10 वर्षों में इसे दोगुना करने का लक्ष्य है. इसने अपनी स्थापना के बाद से अब तक 2,700 करोड़ रुपये का लोन डिस्बर्स किया है और अगले वित्त वर्ष के अंत तक इसे 5,000 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंचाने का लक्ष्य है.

उन्होंने कहा कि वेयरहाउसिंग के मामले में, कंपनी बैंकों के लिए एयूएम संभाल रही है और अगले साल सितंबर तक एयूएम को मौजूदा 7,000 करोड़ रुपये से 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है.

ये भी पढ़ें- राकेश झुनझुनवाला की Airline का आएगा IPO, जानिए कब तक होगी लिस्टिंग

कंपनी का बिजनेस

एसएलसीएम (SLMC) के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट तेजी से बढ़कर 7.73 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.81 करोड़ रुपये था. इस वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान कुल राजस्व बढ़कर 84.8 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 57.7 करोड़ रुपये था. इस दौरान कंपनी का ग्रॉस मर्केंडाइज वैल्यू (GMV) 1,012 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,035 करोड़ रुपये हो गया.

मौजूद समय में, SLCM का कुल नेटवर्थ लगभग 350 करोड़ रुपये और लगभग 170 करोड़ रुपये का डेट है. 2009 में स्थापित, एसएलसीएम ग्रुप भारत और म्यांमार में एग्रीसेक्टर सेक्टर में कमोडिटी वेयरहाउसिंग सर्विसेज, फाइनेंसिंग और टेक्नोलॉजी एप्लिकेशन प्रदान करता है.